<u>मानननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री ए.के. सिंह महोदय द्वारा संपर्क कार्यालय लखनऊ एवं बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड मुख्यालय का दौरा</u>

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री ए.के. सिंह महोदय ने 18 फरवरी 2022 को संपर्क कार्यालय लखनऊ एवं बुंदेलखंड सौर ऊर्जा मुख्यालय का दौरा किया। सी.एम.डी., (एनएचपीसी) के लखनऊ हवाई अड्डे पहुंचने पर, सी. ई. ओ. (बीएसयूएल) / महाप्रबंधक (एनएचपीसी) श्री मनीष सहाय द्वारा पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत किया गया। सी.एम.डी. महोदय के लखनऊ कार्यालय पहुंचने पर सुरक्षा दल द्वारा उनको गार्ड-ऑफ-आनर दिया गया ।



( अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय का स्वागत सी. ई. ओ. (बीएसयूएल) द्वारा पुष्प गुच्छ दे कर किया गया )

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने कार्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा बैठक की | बैठक के प्रारंभ में सी.एम.डी., (एनएचपीसी) महोदय का स्वागत सी. ई. ओ. (बीएसयूएल) द्वारा शाल ओढ़ा कर किया गया |

तत्पशचात बीएसयूएल में चल रहे सभी कार्यों की प्रगति के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से सी. ई. ओ. (बीएसयूएल) द्वारा समस्त जानकारी सी.एम.डी. महोदय को दी गयी | सी. ई. ओ. द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि 65 मेगावाट कालपी परियोजना को मई 2022 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है तथा 22 मेगावाट की आंशिक कमीशनिंग भी मार्च 2022 में प्रस्तावित है | बीएसयूएल को एम एन आर ई मंत्रालय द्वारा अनुमोदित 1200 मेगावाट जालौन सोलर पार्क हेतु जमीन लीज पर लेने का कार्य भी तीव्र गति से चलाया जा रहा है और इस कार्य हेतु तहसील माधोगढ में एक कार्यालय भी स्थापित किया गया है तथा तीन अधिकारी भी तैनात किये गए हैं | जमीन को लीज पर लेने हेतु सी.एम.डी. महोदय के साथ विस्तार से चर्चा की गयी और इस कार्य हेतु सी.एम.डी. महोदय द्वारा उचित दिशानिर्देश दिए गए | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लि. के कार्य में लगे हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को काम में और तेजी लाने और कड़ी मेहनत और समर्पण से काम करने के लिए प्रेरित किया एवं कालपी सौर ऊर्जा परियोजना के आंशिक कमीशनिंग मार्च 2022 के अंत तक करने का दिशानिर्देश दिया |

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री ए.के. सिंह द्वारा संपर्क कार्यालय लखनऊ में वृक्षारोपण भी किया गया | सी.एम.डी., (एनएचपीसी) महोदय की गरिमामय उपस्थिति में सी. ई. ओ. (बीएसयूएल)/ महाप्रबंधक (एनएचपीसी) श्री मनीष सहाय द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया |



( अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय को सुरक्षा दल द्वारा गार्ड-ऑफ-आनर )




( अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा वृक्षारोपण )




( सी.एम.डी., एनएचपीसी श्री ए.के. सिंह महोदय की गरिमामय उपस्थिति में सी. ई. ओ. (बीएसयूएल) श्री मनीष सहाय द्वारा वृक्षारोपण )



सी.एम.डी., (एनएचपीसी) महोदय के साथ सामूहिक छायाचित्र




( अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय का स्वागत सी. ई. ओ. (बीएसयूएल) द्वारा शाल ओढ़ा कर किया गया )




(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक)




(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक)



(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक)